तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 14 नवंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 पीएम 2.5 का स्तर 500 तक, औसत से कई गुना ज्यादा जहरीली ...

11 गंगरेल के पानी में अशुद्धियां कम, प्लांट में ...


धान खरीदी : शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर आज से शुरू की जाएगी धान की खरीदी

# आज से गुलजार होंगे उपार्जन केंद्र, पहले दिन धान बेचने 2800 किसानों ने कटवाया टोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिले के 129 धान उपार्जन केंद्र आज से किसानों की मौजूदगी से गुलजार होंगे। उपार्जन केंद्रों में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जाएगी। किसानों को उनकी मेहनत का फल मिलने की शुरुआत होगी। गुरुवार से शुरू होने वाली धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने का दावा प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। हालांकि हड़ताल की वजह से कई स्थानों पर अड़चन उत्पन्न हुई।

मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी के लिए लघु व सीमांत किसानों को अधिकतम दो टोकन व बड़े किसानों को तीन टोकन की पात्रता होगी। इसके साथ ही खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए इलेक्ट्रानिक तराजू से ही तौल किया जाएगा। समितियों में किसानों की सुविधा के लिए 'माइक्रो एटीएम' की व्यवस्था भी है। किसानों द्वारा समिति में धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर राशि किसानों के बैंक खाते में आएगी। कलेक्टर ने उपार्जन स्तरीय नोडल अधिकारियों को मानसिक व शारीरिक रूप से धान ख़रीदी के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त करने कहा। किसानों को कोई परेशानी, असुविधा ना हो इसका ख़्याल रखने कहा। उपार्जन केंद्रों में छाया-पानी की व्यवस्था करने कहा। कलेक्टर ने अधिकारियों से सुगम धान ख़रीदी के लिए सतर्क रहकर सौंपे गये दायित्वों का पालन करने की बात कही, ताकि किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न ना हो।

**खास बातें**

- टोकन कटवा चुके किसानों से पहले दिन खरीदा जाएगा 14,617 मीटरिक टन धान
- इस साल 9,34,687 मीट्रिक टन धान खरीदी का रखा गया है लक्ष्य





## 129 ख़रीदी केंद्रों में की जाएगी खरीदी

धान का उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान की खरीदी विगत खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में संचालित और नवीन बनाए गए खरीदी केन्द्रों में की जाएगी। इस प्रकार ज़िले की 102 सहकारी समितियों के सभी 129 ख़रीदी केंद्रों में धान उपार्जन किया जाएगा। 14 नवंबर को धान खरीदी के लिए 2800 किसानों के टोकन काटे गए हैं। इन किसानों से 14617 मीटरिक टन धान खरीदा जाएगा।

## 1 लाख 64 हज़ार 733 किसानों ने कराया पंजीयन

ज़िले में खरीफ सीजन 2024-25 में जिले में अब तक 1 लाख 64 हज़ार 733 किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया है। पिछले साल 158529 किसानों ने धान विक्रय हेतु सहकारी समितियों में पंजीयन कराया था। जिनका रक़बा 1 लाख 85 हज़ार 928 हेक्टेयर था, जो इस साल बढ़कर 1 लाख 89 हज़ार हेक्टेयर हो गया है। इस साल धान ख़रीदी का अनुमानित लक्ष्य 9,34,687 मीट्रिक टन है। पिछले साल अनुमानित लक्ष्य 802842 मैट्रिक टन था।

## प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की ख़रीदी

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवम्बर से 31 जनवरी 2025 खरीदी की जाएगी। राज्य सरकार के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय से जारी दिशा-निर्देशानुसार धान खरीफ वर्ष 2024-25 में छत्तीसगढ़ राज्य में किसानों से धान खरीदी की अधिकतम सीमा 21 क्विंटल प्रति एकड़ लिंकिंग सहित निर्धारित की गई है। इस बार भी धान ख़रीदी कार्य में पारदर्शिता के लिए बायोमेट्रिक आधारित खाद्यान्न उपार्जन प्रक्रिया से किया जायेगा। धान और मक्का खरीदी की समस्त राशि का भुगतान किसानों के खाते में डिजिटल मोड से किया जाएगा। जारी आदेश में कहा गया है कि धान उपार्जन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ (मार्कफेड) एवं छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। भारत शासन की नवीन बारदाना नीति अनुसार धान उपार्जन एवं चावल जमा करने हेतु बारदाने की आवश्यक व्यवस्था करनी होगी। नीति अनुसार धान की खरीदी नए और पुराने बोरों में की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## परख के मॉक टेस्ट के लिए शिक्षिका ने कराया अभ्यास



**बेमेतरा।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एवं भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के तत्वाधान में सम्पूर्ण भारत के सभी राज्यों में आगामी 4 दिसंबर को परख सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए 18 नवंबर को विभिन्न विद्यालयों में उसका मॉक टेस्ट लिया जाएगा। इसी सन्दर्भ में साजा विकास खंड की शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय रानो की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने कक्षा 6 के बच्चों को भाषा विषय के 136 प्रश्नों का अभ्यास कराया जो कि एससीईआरटी रायपुर द्वारा निर्देशित प्रश्न बैंक पर आधारित है। इसके अतिरिक्त कुछ अन्य प्रश्न भी हल कराए गए। प्रत्येक प्रश्न को बच्चों के साथ साझा किया गया। उनसे जवाब पूछे गए। उसके बाद शिक्षिका के द्वारा प्रश्न का सही उत्तर भी बताया गया। बच्चों की शंका का भी समाधान किया गया। बच्चे इस कार्य में विशेष रूचि दिखा रहे हैं तथा उनकी समस्या का भी उचित समाधान हो रहा है।

## राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय के पास संत समागम मेला स्थल ग्राम लोलेसरा परिसर में 15 नवंबर से राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आर्मी स्पोर्ट क्लब के कोच एवं राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी ताम्रध्वज देशमुख ने बताया कि शुक्रवार से आर्मी स्पोर्ट क्लब के तत्वावधान में यह कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में नगद राशि व विनर ट्रॉफी के साथ-साथ व्यक्तिगत पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इसके अलावा बेस्ट ऑलराउंडर, बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर का पुरस्कार रखा गया है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में दी जाएगी सब्सिडी



**बेमेतरा।** केन्द्र सरकार द्वारा बिजली के क्षेत्र में उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिये प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना अंतर्गत इच्छुक हितग्राही अपने घर की छत पर विभिन्न क्षमतानुसार सौर पैनल स्थापित करा सकते हैं तथा शासन द्वारा सौर संयंत्र स्थापित करने पर सब्सिडी का भी प्रावधान रखा गया है। इसके लिए सस्ते ब्याज दर पर लोन भी प्रदान किया जाएगा तथा सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में जमा की जाएगी। साथ ही स्थापित सोलर पैनल नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होगी। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए क्षमतावार रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित कराने पर सब्सिडी का प्रावधान व योजना का लाभ लेने के लिये हितग्राही अधिकारित वेबसाईट मोबाइल एप्प डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते हैं। उसके बाद स्वयं वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन किया जाता है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिये क्रेडा से संपर्क किया जा सकता है।

# लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बुधवार को बेमेतरा पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली। बैठक में लंबित अपराधों, मर्ग, गुम इंसान, लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराध नियंत्रण एवं लघु अधिनियम प्रकरणों पर ध्यान देने को भी कहा।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने कहा कि पुलिसकर्मी अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं माइनर एक्ट की कार्यवाही करने, अपराध नियंत्रण के लिए मुखबीरी सूत्रों को बनाये रखने, अवैध शराब बिक्री, अवैध मादक पदार्थ गांजा, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीली दवाओं पर सख्त कार्यवाही करें ताकि अपराधों को रोकथाम की जा सके। नए कानूनों के लागू होने पर तकनीकी साक्ष्यों के संकलन के महत्व उनके संकलन करने के संबंध में निर्देशित किया गया। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू, रक्षित निरीक्षक कृष्ण कांत सिंह एवं थाना व चौकी प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, संतोषी ग्रेस, उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, ओंकार साहू, दुलेश्वर चंद्रवंशी, मयंक मिश्रा, अलील चंद, सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्हाट्सएप ग्रुप से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के निर्देश

त्रिनयन एप के माध्यम से बेमेतरा जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस है जो तेजी से अपराध सुलझाने के लिए पुलिस को सशक्त बनाने, सायबर अपराध पर नियंत्रण हेतु रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया। सामुदायिक पुलिसिंग के अंर्तगत हमर पुलिस हमर बजार एवं हमर पुलिस हमर गांव अभियान के माध्यम से हॉट, बजारो, ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को जागरूक किए जाने एवं हमर पुलिस हमर बजार के माध्यम से युवाओं को छग पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए किसी के झांसे में नहीं आने एवं भर्ती कराने के नाम पर भ्रष्टाचार करने वाले के उपर कानूनी कार्रवाई किये जाने के संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## पंजीकृत निर्माणी व असंगठित श्रमिकों को 5 रुपए में दिया जाएगा गरम-पौष्टिक भोजन

**बेमेतरा।** भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय श्रम सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों में शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के तहत भोजन वितरण केन्द्र आरंभ किये जाने की घोषणा की गयी है। उक्त घोषणा के परिपालन में जिला बेमेतरा में विभाग के अधीन गठित मंडलों यथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल में पंजीकृत निर्माणी एवं असंगठित श्रमिकों को मात्र 5 रूपए में गरम एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना संचालित की जाएगी। इसके अंतर्गत जिला बेमेतरा के विकासखण्ड बेमेतरा में कलेक्टोरेट भवन परिसर में संचालित किया जाएगा। इसी तरह विकासखण्ड बेरला में भक्त कर्मा माता चौक, नगर पंचायत बेरला में संचालित किया जायेगा। इसके लिए दोनों स्थान पर शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के लिए श्रमिक पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। पंजीयन कार्य के लिए कार्यालय के कर्मचारियों का ड्यूटी लगाई गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के नवीन केन्द्र जिला बेमेतरा में आरंभ किया गया है।

# एसपी साहू ने सुनीं आम नागरिकों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने अपने कार्यालय में बुधवार को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों से उनकी समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं।

इस दौरान उन्होंने आमजन द्वारा बताई गई समस्याओं का जहां समाधान भी किया। एसपी ने लोगों की समस्या को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों थाना/चौकी प्रभारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने आमजनों की तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया, वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को शिकायत में दर्ज करने और इनका निराकरण के निर्देश संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं थाना व चौकी प्रभारी सहित एसपी रीडर विष्णु सप्रे एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# प्रशिक्षणार्थियों ने कोच को दी विदाई



**नवागढ़।** उड़ान एकेडमी नवागढ़ जहां विगत दस माह से युवक एवं युक्तियों को छत्तीसगढ़ पुलिस भर्ती का प्रशिक्षण दे रहे आरक्षक हीरालाल साहू की पुलिस भर्ती में ड्यूटी लगाई गई है। इसलिए वे बाहर जा रहे हैं। इस पर श्री साहू को प्रशिक्षणार्थियों ने नम आंखों से विदाई दी। कोच उड़ान एकेडमी हिरा लाल साहू ने भावुक होकर सभी को पुलिस में भर्ती होकर क्षेत्र माता-पिता और उड़ान एकेडमी का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि उड़ान एकेडमी के युवाओं ने नवागढ़ शहर में कई बार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नवरात्रि के पूरे 9 दिन पुलिस वालंटियर बनाकर व्यवस्था संभाली थी, तो दूसरी तरफ नगर पंचायत नवागढ़ में स्वच्छता अभियान के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया। तिरंगा यात्रा जैसे कई कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर युवाओं ने हिस्सा लिया। लोक सभा चुनाव में अधिक मतदान के लिए अभियान चलाने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों में अपना सहयोग दिया है।

# लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या कालेज में किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

- लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

जिला मुख्यालय स्थित लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य का समग्र परीक्षण करना था। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हेमोग्लोबिन, सिकलिंग, ब्लड ग्रुप, रक्तचाप, आंखों की जांच आदि का परीक्षण किया।

स्वास्थ्य विभाग से ओंकार चंद्राकर, मुकेश टंडन, ऋषभ शर्मा, आकांक्षा कुर्रे, खिलेन्द्र साहू, दिलीप चंद्रवंशी, प्रीति ठाकुर, बलवंत बंजारे और मनीष साहू उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों और महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का बारीकी से स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में महाविद्यालय के छात्रों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का प्रदर्शन करते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता गौतम ने स्वास्थ्य विभाग और शिविर में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन का सफल संचालन महाविद्यालय के एनएसएस विभाग और रेड क्रॉस विभाग के सहयोग से किया गया। प्राचार्य ने भविष्य में भी इस प्रकार के स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

ग्रामीणों ने कुम्ही से भिंभौरी तहसील पहुंचकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# जर्जर सड़क से परेशान नागरिकों ने निकाला पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला



परेशान ग्रामीणों ने सड़क मार्ग को बनवाने के लिए गांव से लेकर भिंभौरी तहसील तक पैदल मार्च किया।

ब्लॉक बेरला के तहसील भिम्भौरी से कुम्ही सड़क मार्ग बनवाने ग्रामीणों ने तहसीलदार से मुलाकात की। इस दौरान सड़क की जर्जर स्थिति को बताने के साथ ही उसके निर्माण की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि वैसे तो पूरे छत्तीसगढ़ में सड़कों का जाल बिछ चुका है, परंतु कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र आज भी हैं जहां पर सड़क की कमी के कारण पूरे गांव का आवागमन बाधित है। गांव का विकास केवल सड़क के नाम से नहीं हो रहा है।

बेमेतरा जिला अंतर्गत भिंभौरी तहसील के भिंभौरी से कुम्ही जाने वाले मार्ग अत्यंत जर्जर स्थिति में है अथवा ना के बराबर है। समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सड़क मार्ग को बनवाने के लिए गांव से लेकर भिम्भौरी तहसील तक पैदल मार्च किया। वहीं, तहसील में पहुंचकर ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाज सेवक मनीष वर्मा ने बताया कि सड़क की वजह से पूरे गांव का विकास कार्य बाधित है।

एक छोटे से राशन सामान से लेकर पूरी इंफ्रास्ट्रक्चर तक गांव में नहीं पहुंच पा रहा है। इसका प्रमुख कारण भिम्भौरी से कुम्ही मार्ग की सड़क है।

## 7 दिवस का अल्टीमेटम

ज्ञात हो इस मार्ग में 2 श्मशान घाट एवं 1 स्कूल है। इस मार्ग से प्रतिदिन ग्राम कुम्हि, भिंभौरी, सिलघट, ढाबा, देवसरा के ग्रामवासी आना-जाना करते हैं। इस सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लगातार घटनाएं हो रही हैं। जिससे तंग आकर ग्रामीणों ने ग्राम कुम्हि से भिंभौरी तक पदयात्रा कर ज्ञापन सौंपा।

साथ ही 7 दिवस का अल्टीमेटम भी दिया। अगर इस 7 दिवस के भीतर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो आगे चरणबद्ध आंदोलन करने की पूरी तैयारी ग्रामीणों ने किया भी है। इस प्रदर्शन में मनीष वर्मा, मनोज वैष्णव, दुर्गेश वर्मा, खिलु श्रीवास, चंदन वर्मा, निर्मला साहू, परमिला साहू, संगीता निषाद, रिंकू साहू, देवांश वर्मा सहित अन्य गांव के ग्रामीणों शामिल रहे।

हरिभूमि
**पाठक सूचना**
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# पार्ट-फुल टाइम रोजगार देने की योजना ठंडे बस्ते में, नहीं मिल रहा महिलाओं को रोजगार

## जिला पंचायत रायपुर द्वारा आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित की जा रही थी योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्व-सहायता समूह की ट्रेंनिंग प्राप्त महिलाओं या उनके परिवार के अन्य सदस्यों को पार्ट-फुल एवं घंटे के हिसाब से रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत रायपुर द्वारा संचालित की जा रही योजना पिछले कई महीनों से बंद है। इस योजना के तहत पंचायत भवन के सेकेंड फ्लोर पर हेल्प कंट्रोलरूम बनाया गया था। इस कंट्रोलरूम को भी हटा दिया गया है। इस हेल्प लाइन पर सामुदायिक संगठन, संस्था यहां किसी के घर या दुकान में कुकिंग, लांड्री, सेलून, हाउसकीपिंग, सुरक्षा गार्ड, केयर टेकर, कंप्यूटर ऑपरेटर, रिपेयरिंग सहित कोई भी जरूरत के अनुसार डिमांड आने पर उन्हें बाजार में निर्धारित सैलेरी या तय रेट पर संबंधित कार्य के लिए महिला कर्मचारी उपलब्ध कराया जाता था। इस योजना के तहत कई महिलाओं को रोजगार भी मिला है, लेकिन योजना के ठंडे बस्ते में जाने के बाद से समूह से जुड़ी महिलाओं को रोजगार मिलना भी बंद हो गया है।

पूर्व कांग्रेस शासन काल के दौरान जिले में स्व-सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवार के सदस्यों को रोजगार दिलाने के साथ जरूरतमंदों को संबंधित कार्य में ट्रेनिंग प्राप्त महिला कर्मचारी आसानी से मिले। इसके लिए जिला पंचायत ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत अनूठी योजना लेकर आई थी। इस योजना के शुरू करने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ ऐसे जरूरतमंद संस्था-संगठन, परिवार या व्यक्ति को आसानी से अनुभवी एवं भरोसेमंद कर्मचारी भी कर्मचारी भी उपलब्ध कराना था, लेकिन राज्य में सरकार बदलने के बाद से यह योजना ठंडे बस्ते में चली गई है।

### एक कॉल या मैसेज से मिल जाता था रोजगार-कर्मचारी

इस योजना के तहत पंचायत भवन में कॉल सेंटर बनाया गया था। इसके लिए एक हेल्प लाइन तथा वाट्सग्रुप नंबर जारी किया गया था। इस हेल्प लाइन नंबर पर कॉल करने या वाट्सअप ग्रुप में मैसेज करने से बेरोजगार महिला को रोजगार और जरूरतमंदों को कर्मचारी मिल जाता था।

आजीविका AAJEEVIKA
National Rural Livelihood Mission
राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन

### 500 को ट्रेनिंग देने का था लक्ष्य, यह काम भी अटका

बी-1 अंतर्गत जिले के चारों ब्लॉक में लगभग 500 महिलाओं को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया था। इसके तहत 40 महिलाओं को ट्रेनिंग देने के बाद विधानसभा चुनाव 2023 की घोषणा के कारण आचार संहिता लग गई थी, जिसके कारण यह लक्ष्य को भी पूरा नहीं किया जा सका है।

### बी-1 को मिलता था 1 प्रतिशत कमीशन

डिमांड के अनुसार जरूररतमंद को कर्मचारी उपलब्ध कराने के एवज में बी-1 को भी बतौर सेवा के रूप में तय सैलरी या तय रेट का 1 प्रतिशत कमीशन के रूप में लाभ होता था। यह कमीशन डिमांड करने वाली संस्था, संगठन या संबंधित व्यक्ति द्वारा दिया जाता था।

### कंट्रोलरूम को हटा दिया गया

बी-1 अंतर्गत पंचायत भवन में खोला गया हेल्प लाइन कंट्रोलरूम को यहां से हटा दिया गया है। योजना बंद नहीं हुई पर अभी काम रुका हुआ है।
- **विक्रम सिंह लोधी**, कार्यक्रम मैनेजर जिला पंचायत रायपुर

### 40 महिलाओं को दी गई थी ट्रेनिंग इनमें से ही कई महिलाएं बेरोजगार

महिला समूह की महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला पंचायत द्वारा उन्हें उनके हूनर के अनुसार कार्य में कुशल बनाने के लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही थी। इसके तहत पहले चरण में 40 महिलाओं को सिलाई, केटरिंग सहित विभिन्न कार्यों की ट्रेनिंग भी दी गई थी। ट्रेनिंग लेने वाली महिलाओं में कईयों को रोजगार भी मिल चुका है, लेकिन इनमें से अभी भी कई महिलाएं बेरोजगार है।

## खबर संक्षेप

### सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया दिवाली मिलन



**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा कैलाशपुरी स्थित प्रांतीय कार्यालय छत्तीसगढ़ सदन में दिवाली मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा का बुके, शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। साथ ही समाज के लोगों ने पर्यावरण की सुरक्षा तथा प्रदूषण रोकने के लिए आगामी दिवाली को पटाखा मुक्त करने का आव्हान किया गया। इसके बाद सदस्यों ने गीत, गजल व भजन से माहौल को खूबसूरत बनाया। कार्यक्रम में नरेंद्र दुबे, आशीष दीवान, गिरीश दुबे, धनंजय शर्मा, हेमंत शर्मा, मनीष मिश्रा, ऋषि तिवारी सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल थे।

### सरकार की नीतियों को चुनौती हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अतिथि व्याख्याता की अपील खारिज कर दी, जिसमें सरकार की उस नीति को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत अस्थायी अतिथि व्याख्याताओं की जगह उच्च योग्यता वाले नए उम्मीदवार रखे जा सकते हैं। सीजे की बेंच ने शैक्षणिक संस्थानों में योग्य और सक्षम संकाय के पक्ष में नीतियों को लागू करने के राज्य के अधिकार को बरकरार रखा है। याचिका में प्रदेश के कॉलेजों में अतिथि व्याख्याताओं के लिए जारी विज्ञापन को निरस्त करने समेत अन्य मांग की गई थी। इस पर शासन की ओर से कहा गया कि अतिथि व्याख्याताओं की भर्ती के लिए नई नीति जारी की गई है। यूजीसी के मापदंडों के अनुसार बनाई गई नई नीति से बेहतर उम्मीदवार मिल सकेंगे। गर्ल्स कॉलेज में अतिथि व्याख्याता राजनीति शास्त्र के पद पर कार्यरत रही गायत्री शर्मा ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसमें सिंगल बेंच से याचिका खारिज होने के बाद डीबी में अपील की गई थी।

### 32 पौवा देशी शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** नेवरा पुलिस ने एक शराब कोचिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम तुलसी खरोरा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने का काम करता है। इस सूचना पर पुलिस ने आरोपी देवानंद जांगड़े को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 32 पाव देशी शराब जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 3520 रुपए बताई गई है। मामले में आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

## ठंड कम पड़ने की वजह से हवा में थोड़ी राहत

# पीएम 2.5 का स्तर 500 तक, औसत से कई गुना ज्यादा जहरीली हुई राजधानी की हवा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी की हवा अन्य वर्षों की अपेक्षा ज्यादा जहरीली हो गई है। पिछले दो वर्षों की आंकड़ों पर नजर डालें, तो इस वर्ष पीएम 2.5 का स्तर पिछले साल की अपेक्षा डेढ़ गुना ज्यादा है। पिछले वर्ष नवंबर में पीएम 2.5 का स्तर जहां अधिकतम 309 तक पहुंचा है, इस बार पीएम 2.5 का स्तर पांच सौ तक पहुंच गया। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार अभी ठंडी कम पड़ रही है। ठंड ज्यादा होने से हवा का स्तर और खराब हो सकता है।

गौरतलब है कि पीएम 2.5 का स्तर 60 से ज्यादा नहीं होना चाहिए, पीएम 2.5 का वार्षिक औसत 40 होना चाहिए। डब्लूएचओ के मुताबिक 2.5 का स्तर पांच से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस साल छह नवंबर को ही पीएम 2.5 का न्यूनतम स्तर 61 रहा है। शेष अन्य दिनों में पीएम 2.5 का न्यूनतम स्तर 68 से 172 तथा अधिकतम 104 से 105 के बीच रहा है। इसी तरह से पीएम 10 का स्तर पूरे नवंबर माह में बिगड़ा हुआ रहा है।

### पिछले वर्ष की तुलना में इस बार नवंबर में हवा ज्यादा जहरीली हुई





फाइल फोटो

### दिसंबर में हवा और जहरीली होने की आशंका

वर्तमान स्थिति को देखते हुए जानकार आगामी दिनों में ठंड बढ़ने के बाद एक्यूआई का स्तर और खराब होने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं। इसकी वजह ठंड के दिनों में हवा का दबाव कम हो जाता है। इसके कारण प्रदूषण का स्तर तेजी से बढ़ता है।

### पीएम 2.5 का स्तर पहली बार पांच सौ पहुंचा

रायपुर में पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर दो से तीन सौ के बीच रहा है। इस बार मौसम अनूकुल रहने के बाद भी पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर एक नवंबर तथा दो नवंबर को पांच सौ से 448 तथा 412 पर पहुंचा है। पीएम 2.5 तथा पीएम 10 का स्तर बढ़ने की वजह पर्यावरण प्रदूषण मंडल के अफसर भी नहीं बता पा रहे हैं।

### एक्यूआई का स्तर डेढ़ गुना ज्यादा

एयर क्वालिटी इंडेक्स की स्थित पिछले वर्ष से ज्यादा भयावह है। एक्यूआई का लेवल पिछले वर्ष जहां एक से 10 नवंबर के बीच 53 से 141 के बीच रहा इस बार एक्यूआई का स्तर 86 से 172 के बीच रहा। इस वर्ष ठंड कम पड़ने का साथ पिछले वर्ष की अपेक्षा ज्यादा हवा चल रही है। इस स्थिति में यह हाल है। ठंड पड़ने और हवा का दबाव कम होने की स्थिति में एक्यूआई का स्तर और खराब हो सकता था।

### स्तर सुधारने उपाय नहीं

पर्यावरण प्रदूषण मंडल का काम प्रदूषण का स्तर नापने के साथ हवा की स्थिति खराब होने पर सुधार करने के उपाय करने का है, लेकिन राज्य में पर्यावरण प्रदूषण मंडल सफेद हाथी साबित हो रहा है। पर्यावरण प्रेमी तथा जानकारों के मुताबिक पर्यावरण प्रदूषण मंडल ने एयर क्वालिटी इंडेक्स का स्तर सुधारने किसी तरह से कोई उपाय नहीं कर रहा है, जिसके कारण रायपुर में एक्यूआई का स्तर हर साल बिगड़ता जा रहा है।

# जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ देशभर में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनभागीदारी से जल संचय में छत्तीसगढ़ पूरे देश में पहले स्थान पर है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल पर उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ राज्य में जल संचय, जनभागीदारी पहल के तहत जल संचय के एक लाख 53 हजार 533 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 10 हजार 872 कार्य प्रगतिरत हैं। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में देश के पहले 10 जिलों में छत्तीसगढ़ के 8 जिलों ने अपना स्थान बनाया है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जल संसाधन विभाग को दी बधाई

छत्तीसगढ़ में जनभागीदारी से जल संचय के कार्यों में राज्य में पहले स्थान पर रायपुर जिला है, जहां 35 हजार 758 जल संचय के कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 5064 कार्य प्रगतिरत हैं। दूसरे स्थान पर बिलासपुर है, जहां 16389 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 1643 कार्य प्रगति पर हैं। तीसरे स्थान पर रायगढ़ जिला है, जहां 16629 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 662 कार्य प्रगति पर हैं। चौथे स्थान पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिला है, जहां 16,730 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 300 कार्य प्रगति पर हैं। पांचवे स्थान बलरामपुर-रामानुजगंज जिला है, जहां 8618 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 586 कार्य प्रगति पर हैं। छठवें स्थान पर गरियाबंद जिला है, जहां 6899 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 634 कार्य प्रगति पर हैं। सातवें स्थान पर दुर्ग जिला है, जहां 4915 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 609 कार्य प्रगति पर हैं। दसवें स्थान पर धमतरी जिला है, जहां 3706 कार्य पूर्ण किए गए हैं तथा 107 कार्य प्रगति पर हैं।

### पीएम मोदी के संकल्प का प्रतिबिंब है यह योजना

गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाने के अटूट संकल्प का प्रतिबिंब है। यह पहल जल संरक्षण में जन भागीदारी के महत्व पर जोर देती है और सामूहिक पहल एवं एकजुटता से जलसंरक्षण की संकल्पना को साकार करती है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य अन्य गतिविधियों के अलावा कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं, बोरवेल पुनर्भरण शाफ्ट के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है, जिससे भंडारण क्षमता बढ़ेगी और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# हाथी के घायल बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाने के प्रयास में जुटा वन विभाग

**6 किमी तक खून के धब्बे एवं पग मार्ग ट्रेस किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धमतरी

पोटाश बम से हाथी के घायल बच्चे को एंटीबायोटिक दवा खिलाने के प्रयास को सफलता नहीं मिल पाई है। वन विभाग ड्रोन कैमरे से हाथी की निगरानी में जुटा है। बताया जा रहा है कि घायल हाथी का स्वास्थ्य ठीक है। वह हाथी दल के साथ विचरण कर रहा है।उल्लेखनीय है कि 7 नवंबर को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के सीतानदी परिक्षेत्र के सातलोर बीट में 38 से 40 हाथियों का दल विचरण कर रहा था। यहां खून बिखरे होने की सूचना रिसगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी को मिली। पतासाजी करने पर वन विभाग को पोटाश बम का टुकड़ा मिला। 8 नवंबर को पोचिंग टीम ने मौका मुआयना किया। 6 किमी तक खून के धब्बे एवं पग मार्ग ट्रेस किया गया। 10 नवंबर को ड्रोन और स्टाफ की मदद से 5-6 साल के हाथी के जबड़े और पैर में सूजन का पता लगा। इस मामले में पोटाश बम रखने वाले व्यक्ति की सूचना देने वाले को 10 हजार के इनाम की घोषणा वन विभाग ने की है।







**घायल बच्चा हाथी अपने दल के साथ विचरण कर रहा**

मंगलवार को उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर वरूण जैन ने बताया कि घायल बच्चा हाथी अपने दल के साथ विचरण कर रहा है। ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की जा रही है। बच्चा हाथी को महुआ का लड्डू बनाकर एंटी बायोटिक दवा खिलाने के लिए हाथी विचरण क्षेत्र में रखा गया है। हाथी का बच्चा महुआ लड्डू से करीब 200 मीटर की दूरी पर है। अभी तक हाथी ने एंटीबायोटिक दवा नहीं खाया है।

# बाघ की मौत पर सीएम साय सख्त वनरक्षक और वनपाल निलंबित

## कोरिया जिले में मिला था बाघ का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोरिया जिले में बाघ की मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों से वनों की रक्षा और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए मुस्तैदी से कर्तव्यों का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में किसी भी लापरवाही पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इधर कोरिया वनमण्डल बैकुंठपुर अंतर्गत परिक्षेत्र सोनहत के रामगढ़ सर्किल के वनरक्षक पीतांबर लाल राजवाड़े और वनपाल रामप्रताप सिंह को शासकीय कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासनीता के कारण सरगुजा वनवृत्त अंबिकापुर के मुख्य वन संरक्षक माथेश्वरन वी. ने निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री राजवाड़े एवं वनरक्षक को नियमानुसार जीवन निवाह भत्ता की पात्रता होगी। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर के अनुसार वनरक्षक बीट प्रभारी गरनई पिताम्बर लाल राजवाड़े और वनपाल वन परिक्षेत्र रामगढ़ रामप्रताप सिंह के द्वारा अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन में उदासीनता एवं घोर लापरवाही बरते जाने के कारण निलंबित किया गया है।

- **जहरखुरानी से मौत होने की संभावना जता रहे वन अफसर**




वनपाल श्री सिंह और वनरक्षक श्री राजवाड़े का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 का उल्लंघन/कदाचरण पाये जाने के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय बैकुंठपुर वनमण्डल कोरिया निर्धारित किया गया है।

### वन क्षेत्रपाल से मांगा स्पष्टीकरण

परिक्षेत्राधिकारी सोनहत के वन क्षेत्रपाल विनय कुमार सिंह से क्षेत्र में टाइगर की मृत्यु के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य वन संरक्षक अंबिकापुर ने बताया कि सोनहत के बीट गरनई कक्ष क्रमांक पी-196 वनभूमि कुदरी में खनखोपड़ नाला के किनारे एक टाइगर मृत होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर वनमण्डलाधिकारी और संचालक गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बैकुंठपुर के साथ मौके पर पहुंचीं। एक नर टाइगर खनखोपड़ नाले के किनारे मृत अवस्था में पाया गया। उक्त टीम के अभिमत अनुसार बाघ की मृत्यु का कारण जहरखुरानी संभावित है। इस संबंध में वन क्षेत्रपाल से स्पष्टीकरण 3 दिवस के भीतर मांगा गया है।

## पांच स्थानों पर पॉवर कंपनी ने बनाई है 77 सौ मेगावाट बिजली उत्पादन की योजना

# मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में पानी से बनेगी 35 सौ मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। खपत 65 सौ मेगावाट तक जा चुकी है। आने वाले समय में खपत में लगातार इजाफा होना तय है। ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए लगातार योजनाएं बना रही है। 2030 तक अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से 14 हजार मेगावाट का उत्पादन करने का लक्ष्य है। इसमें से 77 सौ मेगावाट बिजली पानी से बनेगी। पानी से बिजली बनाने की दो योजनाएं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में प्रारंभ करने की पूरी तैयारी पॉवर कंपनी ने की है। पानी से 35 सौ मेगावाट बिजली बनाने के लिए केंद्र सरकार की नवरत्न कंपनी टिहरी डेवलपमेंट कारपोरेशन से छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी जल्द ही एमओयू करने वाली है। इसके लिए पॉवर कंपनी के बोर्ड से मंजूरी का इंतजार है। यह कंपनी जशपुर के रौनी में 21 सौ मेगावाट और जशपुर के दनगरी में 14 सौ मेगावाट बिजली बनाने का काम करेगी। योजना के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने टर्म ऑफ रेफरेंस जारी कर दिया है।

राज्य सरकार इस समय बिजली उत्पादन की क्षमता को विशाल बनाने की दिशा में काम कर रही है। छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगेंगे। इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं।

### बोर्ड से मंजूरी के बाद होगा एमओयू

जशपुर की योजना के लिए बोर्ड से मंजूरी के बाद इसका एमओयू होगा, फिर काम प्रारंभ होगा।
- **एसके कटियार**, एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी



### अभी 2980 मेगावाट उत्पादन क्षमता

अलग राज्य बनने के बाद 2000 में राज्य में बिजली के मामले में ज्यादा सुविधाएं नहीं थीं। उत्पादन के मामले में यहां पर महज 1360 मेगावाट का ही उत्पादन होता था, लेकिन आज की स्थिति में यह उत्पादन 2980 मेगावाट हो गया है। मड़वा में जो 500 मेगावाट की दो यूनिट लगी है, उस यूनिट में जब करीब 9 साल पहले उत्पादन प्रारंभ हुआ था, तभी से उसकी बिजली तेलंगाना को देने का अनुबंध हो गया था। ऐसा इसलिए संभव हो सका, क्योंकि उत्पादन के मामले में राज्य सरप्लस हो गया था।

### अब नए संयंत्र की तैयारी

जिस तरह से तेजी से प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या में इजाफा हो रहा है, उससे आने वाले समय में बिजली की बहुत ज्यादा जरूरत होगी। आज उपभोक्ताओं की संख्या करीब 65 लाख हो गई है। पहले बिजली की खपत रोज तीन हजार मेगावाट से भी कम रहती थी, आज खपत छह हजार से ज्यादा हो रही है। प्रदेश सरकार ने करीब दो दशक की खपत को देखते हुए ही योजना बनाकर कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। इसी के साथ अब पॉवर कंपनी मड़वा में भी एक 660 मेगावाट का संयंत्र लगाने के लिए डीपीआर बनाने की तैयारी है। इसके बाद प्रदेश सरकार से मंजूरी लेकर इस पर काम किया जाएगा।

### पानी से कहां कितनी बिजली बनेगी

रौनी जशपुर 2100
दनगरी जशपुर 1400
हंसदेव बांगो कोरबा 1200
सिकासेर गरियाबंद 1200
कोटपाली बलरामपुर 1800

# टिनामेंट अपार्टमेंट में बनेंगे फ्लैट प्रभावितों को व्यवस्थापन के तहत एलाटमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर विकास प्राधिकरण की टिकरापारा योजना में निर्मित 50 साल पुराने टिनामेंट अपार्टमेंट वाली जगह पर प्रस्तावित 7 मंजिला आवासीय परिसर में प्रभावित मूल ओनर को व्यवस्थापन के तहत उसी परिसर में नियम अनुसार फ्लैट का एलाटमेंट प्राथमिकता से किया जाएगा। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है, सालों से टिनामेंट अपार्टमेंट में रह रहे मूल ओनर से उस जमीन का पैसा न लेकर उनसे कंस्ट्रक्शन कास्ट का पैसा लिया जाएगा। बाकी के बचे फ्लैट को सेलआउट करने की योजना है।

टिकरापारा क्षेत्र में स्थित पांच दशक पुराना जर्जर टिनामेंट अपार्टमेंट को जनहित में तोड़कर रायपुर विकास प्राधिकरण 7 मंजिला परिसर बनाएगा। जिसमें 2 बीएचके के 112 और 1 बीएचके के 56 फ्लैट का निर्माण किया जाएगा। परिसर में रहने वाले प्रभावितों से सहमति पत्र लेकर जर्जर निर्माण को तोड़ा जाएगा। वहां रहे वैध ओनर को नए अपार्टमेंट में व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी।

### मूल ओनर से जमीन का पैसा नहीं लेंगे

टिनामेंट अपार्टमेंट में रहने वाले मूल ओनर को व्यवस्थापन के तहत फ्लैट एलाटमेंट में प्राथमिकता दी जाएगी। उनसे जमीन का पैसा नहीं लेंगे, कंस्ट्रक्शन कास्ट ही नियम अनुसार लिया जाएगा।
- **अनिल गुप्ता**, अधीक्षण अभियंता, रायपुर विकास प्राधिकरण

# गंगरेल के पानी में अशुद्धियां कम, प्लांट में वन टाइम फिल्टर बेड की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से पानी बंद होने के बाद गंगरेल डेम से शहर के लिए खरीदे जा रहे रॉ वाटर में मटमैलापन और अशुद्धियों की मात्रा कम हो गई है। ऐसे में नगर निगम भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण के दौरान 44 फिल्टर बेड की वन टाइम सफाई करवा रहा है। अक्टूबर तक दिन में दो बार फिल्टर बेड की सफाई करानी पड़ती थी।

- डेम से प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर की डिमांड

दरअसल, बारिश के सीजन में खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से भरपूर पानी उपलब्ध होने से इसमें मटमैलापन और अशुद्धियों की मात्रा बहुत बढ़ी हुई थी। इसीलिए इसे शहर की 43 नई व पुरानी पानी टंकियों तक भेजने से पहले जल शुद्धिकरण के दौरान विशेष सावधानी रखने की जरूरत पड़ी।

इस दौरान दिन में 2 बार प्लांट में लगे फिल्टर बेड की सफाई कराना जरूरी रहा, क्योंकि फिल्टर बेड में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी मात्रा में मिट्टी जमा हो जाती थी। इसी तरह सामान्य दिनों की तुलना में 15 से 20 गुना ज्यादा एलम की खपत रही, पर नवंबर से स्थिति बदल गई है। एलम की खपत सामान्य होने के साथ ही फिल्टर बेड की दिन में सिर्फ एक बार सफाई पर्याप्त है।

## अक्टूबर तक फिल्टर बेड की दिन में 2 बार होती रही सफाई

### गंगरेल से 250 क्यूसेक रॉ वाटर की डिमांड

फिल्टर प्लांट के अधिकारियों के मुताबिक शहर के पेयजल डिमांड के हिसाब से इस समय गंगरेल डेम से प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर खरीदा जा रहा है। जबकि गर्मी के सीजन में इसकी मात्रा बढ़कर 300 क्यूसेक तक जा पहुंची थी। फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बाद शुद्ध पानी लोगों के यहां घरों तक नलों के माध्यम से पहुंचता है।



### जल शुद्धिकरण के लिए प्लांट में 44 फिल्टर बेड

भाठागांव स्थित निगम के फिल्टर प्लांट में स्थापित 150 एलएलडी क्षमता के प्लांट में 16 फिल्टर बेड, पुराने 80 एमएलडी प्लांट में 8 और नए 80 एमएलडी प्लांट में 10 फिल्टर बेड के अलावा पुराना प्लांट में 10 फिल्टर बेड स्थापित हैं। इस तरह कुल 44 फिल्टर बेड से पानी का मटमैलापन दूर करने की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। इस दौरान मिट्टी सहित अन्य तरह की जलीय अशुद्धियां को साफ कर पानी को पीने लायक बनाया जाता है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय ने की मां चंद्रहासिनी की पूजा

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मंगलवार को सक्ती जिले के चंद्रपुर में विराजित मां चंद्रहासिनी मंदिर में देवी मां के दर्शन के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने मंदिर में मां चंद्रहासिनी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा सांसद कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत सदस्य टिकेश्वर गबेल, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा सहित अन्य विभिन्न क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और श्रद्धालु उपस्थित थे।

### साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 को

**रायपुर।** शहर जिला साहू संघ द्वारा 24 नवंबर को साहू युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कृष्णानगर स्थित कर्मा धाम में सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी संघ के सचिव अश्वनी साहू ने देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में प्रदेशभर के साहू समाज के लोग शामिल होंगे।

### 2 लाख के गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** भिलाई के अंजोरा पुलिस ने बीती रात महमरा के पास 18 किलो गांजे के साथ एक वाहन जब्त किया। वाहन कांकेर से करीब 2 लाख रुपए का गांजा लेकर जालबांधा के रास्ते महाराष्ट्र जाने के नाम पर निकला था। मामले में पुलिस ने अकोला के रहने वाले अब्दुल रशीद पिता आशिक अली (61 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

पुलिस ने बताया कि मुखबिर से खबर मिली कि एक गाड़ी एमएच 43 सीई 5609 जालबांधा की तरफ जा रही है। वाहन में संदिग्ध सामान होने की आशंका है। इसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर वाहन के रुकवाया। वाहन की जांच की गई। जांच के बाद वाहन से 17-820 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। गांजे के साथ वाहन को भी जब्त किया गया।

### सीएम साय ने मुक्तिबोध की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध की 13 नवंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। श्री साय ने कहा, हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हिंदी साहित्य के सशक्त हस्ताक्षर और इस युग के महान कवि गजानन माधव मुक्तिबोधजी की कर्मभूमि छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव रही है।

### 23 स्कूलों में होगा प्रार्थना शेड का निर्माण

**रायपुर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देश पर बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण हेतु 3 करोड़ 79 लाख 45 हज़ार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रार्थना शेड निर्माण के लिए राशि जारी की गई है उनमें ग्राम जरौद के लिए 12 लाख 75 हज़ार रुपए तथा शिकारी केसली, हथबन्द, लटुवा, नवापारा, मोहभट्टा, भटभेरा, खपराडीह, पंडित चक्रपाणि बलौदाबाज़ार, रसेड़ा, चांपा, सलौनी, करमदा, मोहरा और सुहेला सभी स्कूलों के लिए अलग-अलग 18 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

## रायपुरा का बघवा तालाब जीर्णोद्धार

# गहरीकरण में खप गए 2.50 करोड़, बगीचा बना न पाथवे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुरा के बघवा तालाब की सफाई, गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का काम 2.50 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी आधा अधूरा हो पाया । तालाब के चारों ओर पाथवे बनाने और सुंदर बगीचा विकसित करने की योजना पर काम ही नहीं हुआ। सीनियर सिटीजन के बैठने के लिए सीटिंग रूम, योग करने वालों के लिए योग कक्ष बनाने का दावा हवा-हवाई साबित हुआ। निगम के अधिकारियों ने अधूरे काम को पूरा करने 1.50 करोड़ का नया प्रस्ताव बनाकर शासन को मंजूरी के लिए भेजा है। इसमें लैंड स्कैपिंग, प्लांटेशन सहित अन्य कार्य को दोबारा शामिल किया गया है।

- आधे में रुका पड़ा काम, 1.50 करोड़ का नया प्रस्ताव मंजूरी के लिए भेजा

नगर निगम जोन 8 के माधवराव सप्रे वार्ड स्थित रायपुरा के बघवा तालाब के सौंदर्यीकरण का काम आधा-अधूरा होने से आसपास के लोगों को इसका लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। दूर से देखने पर बघवा तालाब में सौंदर्यीकरण का नामोनिशान तक नजर नहीं आ रहा। तालाब के चारों ओर पाथवे बनाया जाना था, ताकि लोग सुबह-शाम आकर ताजी हवा ले सकें। यह काम अब तक शुरू ही नहीं हुआ, जबकि तालाब सफाई और गहरीकरण में ही 2.50 करोड़ खर्च हो गए।

विदित हो, रायपुरा की आधी बस्ती सहित यादवपारा के लोग बघवा तालाब का उपयोग एक अरसे से निस्तारी के लिए करते आ रहे हैं। 35 एकड़ में फैले इस पुराने तालाब की नगर निगम ने ढाई दशक बाद सुध तो ली, पर तालाब सौंदर्यीकरण के आधा-अधूरा काम के चलते उसे सुंदर स्थल नहीं बना पाए। तालाब के पास सुंदर बगीचा विकसित करने के साथ ही बच्चों के लिए आकर्षक गेम्स की सुविधा, जुंबा डांस करने के लिए अलग से स्पेस देने योजना बनी। निगम के विभागीय अधिकारी प्रस्ताव में शामिल ये सुविधाएं आज तक उपलब्ध नहीं करा पाए।



### 3 फीट की जगह 6 फीट तक निकाली गाद

बघवा तालाब की सफाई और गहरीकरण के कार्य में तालाब के अंदर से 3 फीट तक गाद निकालना प्रस्तावित था, मवेशियों के गोबर और गाद इतना की मात्रा इतनी ज्यादा रही कि 6 फीट तक गहरीकरण कराने की जरूरत पड़ी। प्रोजेक्ट में 4.5 एकड़ एरिया प्रस्तावित था, स्पॉट पर नापने पर आधा एकड़ क्षेत्र ज्यादा निकला। इसीलिए तालाब सौंदर्यीकरण का काम आधे में रुक गया। इसमें पेवर लैंड स्कैपिंग, बगीचा विकसित करने और पौधारोपण का काम शामिल है। फंड के लिए नया प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

### 1.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भेजा है

बघवा तालाब सौंदर्यीकरण के बकाया काम को पूरा करने 1.50 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही बगीचा विकसित करने, लैंड स्कैपिंग, टू डी, थीडी पेंटिंग, सीनियर सिटीजन के बैठने की व्यवस्था, योग कक्ष और पाथवे बनाया जाएगा।

*- अंशुल शर्मा, कार्यपालन अभियंता नगर निगम रायपुर*

# अंचल में मुरुम के अवैध उत्खनन व परिवहन पर नहीं लग रही लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला विकासखण्ड क्षेत्र में काफी दिनों से मुरम की अवैध रूप से उत्खनन एवं परिवहन के मामले सामने आ रहे हैं, जो रात के अंधेरे में शासन-प्रशासन की निष्क्रियता का फायदा उठाकर गैरकानूनी ढंग से मुरम तस्करी का कारोबार कर रहे हैं। इन संदिग्ध गतिविधियों में सम्बन्धित विभाग सहित बेरला क्षेत्र के असल जिम्मेदार अफसरों की भूमिका भी संदेह के दायरे में है।

फिलहाल बेरला क्षेत्र के आधा दर्जन स्पॉट पर रात होते खनन व परिवहन कार्य का सिलसिला शुरू हो जाता है, जो काफी समय तक चलता है। बताया जा रहा है कि मुरुम चोरी का यह गैरकानूनी खेल काफी अरसे से क्षेत्र में हो रहा है। कभी सड़क निर्माण, भवन निर्माण, नाली निर्माण या अन्य कार्य की आड़ लेकर सरकारी अथवा निजी जमीन पर मुरुम खुदाई शुरू कर देते हैं। निजी जमीन मालिकों को मुरुम निकालने के एवज में कुछ पैसे दे देते हैं, वहीं शासकीय भूमि पर आधी रात का फायदा उठाकर जमकर खनन कर लेते हैं, फिर उसे खुला छोड़ देते है, जो हादसे का कारण बनते हैं। लोगों का कहना है कि इसकी जानकारी सम्बन्धित स्थल के पटवारी से लेकर माइनिंग ऑफिसर तक को होती है, किन्तु कार्रवाई नहीं होती। वहीं, कुछ मामलों में शिकायत मिलने पर अधिकारियों द्वारा खानापूर्ति की औपचारिकता निभा दी जाती है।



### अवैध उत्खनन पर होगी कार्रवाई

अवैध उत्खनन का कार्य हो रहा है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। राजस्व टीम उन स्थानों पर भेजी जाएगी। इसके अलावा खनिज विभाग को भी जानकारी देते हुए कारवाई के लिए बोलूंगी।

**- पिंकी मनहर,** एसडीएम, बेरला।

### इन दिनों बेरला व आसपास के क्षेत्रों में ज्यादा खनन

फिलहाल यह खेल नगर मुख्यालय बेरला से निकट इलाके के साथ सीमावर्ती इलाकों पर भी हो रहा है, जहाँ पर शासन-प्रशासन की पकड़ ढीली है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व में इसी बेरला तहसील क्षेत्र में ही शिवनाथ एवं खारुन नदी के किनारे घाट बनाकर अवैधानिक रूप से रेत निकालने का काम दर्जनों गांवों में खुलेआम चल रहा था, जिस पर शासन-प्रशासन द्वारा कहीं-कहीं कार्रवाई की गई थी। बहरहाल बेरला व भिम्भौरी दोनों तहसील में मुरुम के साथ ही साथ अवैध रूप से मिट्टी खनन कर परिवहन का मामला भी ताज़ा घटनाक्रम में सुर्खियों में है, जहाँ पर लाल ईट के चिमनी भट्ठे एवं अन्य कार्य के लिए भी मिट्टी तस्करी की जा रही है।

# भिखारी पति-पत्नी निकले चोर, एक लाख के जेवरात जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी पुलिस ने एक भिखारी पति-पत्नी को चोरी के मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों भीख मांगने के साथ सूने मकानों में चोरी की वारदातों को भी अंजाम दिया करते थे। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक लाख कीमत के चोरी के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में एक सूने मकान में हुई चोरी की घटना की जांच करते हुए भिखारी दंपति को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। इस क्षेत्र में रहने वाली पुष्पा वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 नवंबर को सुबह 8 बजे वह अपने घर पर ताला लगाने के बाद चाबी को घर के मेन गेट के बाहर फर्स पर बिछे मेट के नीचे रखकर बाहर गई थी। करीब साढ़े 11 बजे उसकी लड़की जब घर पहुंची, तो घर खुला पाया और आलमारी से सोने-चांदी के जेवरात भी गायब मिले। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए जब आसपास रहने वालों से पूछताछ की, तो पता चला कि उनके मोहल्ले में अंजान एक महिला और एक पुरुष घूमते हुए देखे गए हैं। पुलिस ने इस पर सीसीटीवी कैमरे के फूटेज की मदद से उनकी पहचान कर पतासाजी की। इस दौरान रेलवे स्टेशन के पास से दोनों को गिरफ्तार किया गया।





पूछताछ पर पता चला कि आरोपी सागर सोबर एवं उसकी पत्नी सोनिया सोबर भीख मांगकर अपना गुजारा करते हैं, लेकिन भीख मांगने की आड़ में दोनों चोरी भी करने लगे थे। इसके लिए दोनों सूने मकान को टारगेट करते थे। आरोपी दंपति के कब्जे से पुलिस ने एक लाख रुपए कीमत के चोरी के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए हैं।

# नुआखाई पर अवकाश के लिए मुख्यमंत्री का आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रदेश सरकार द्वारा ऋषि पंचमी को नुआखाई के दिन हर वर्ष छत्तीसगढ़ के उत्कल बहुल जिलों में स्थानीय अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर्स को निर्देशित करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री मिश्रा ने कहा, पिछले अगस्त में इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री साय को उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रदेश उड़िया समाज द्वारा प्रस्तुत आवेदन के साथ पत्र लिखकर नुआखाई पर्व पर शासकीय अवकाश घोषित करने के लिए निवेदन किया था।

श्री मिश्रा ने एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया, छत्तीसगढ़ एक उड़िया भाषा-भाषी बहुल प्रदेश है एवं उडिया समाज अनादिकाल से अपनी अभिन्न संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों को संवर्धित और संरक्षित करने के लिए जाना जाता है। श्री मिश्रा ने कहा, नुआखाई पर्व उड़िया समाज का परंपरागत प्रमुख लोक त्यौहार है। यह पर्व नई फसल के आगमन खुशी में उड़िया समाज बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाता है। इस दिन नई फसल से भोग बनाकर कई प्रकार के व्यजंनों के साथ छत्तीसगढ़ के लोग अपने ईष्ट देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते है एवं परंपरागत रूप से किसानों का आभार व्यक्त करते हैं।

## नई औद्योगिक नीति का विमोचन 14 को करेंगे सीएम साय

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 14 नवम्बर को शाम 6.30 बजे नवा रायपुर अटल नगर स्थित मेफेयर लेक रिसार्ट में आयोजित कार्यक्रम में राज्य की नई औद्योगिक विकास नीति 2024-30 का विमोचन करेंगे। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# आईजी ने की समीक्षा, अपराधों पर अंकुश लगाने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने मंगलवार को रेंज जिलों के महिला थाना, सेल एवं अजाक थाना के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी अधिकारियों की बैठक लेकर अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग से संबंधित एवं महिला संबंधी लंबित अपराध एवं शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ महिला एवं बच्चों की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में हुई बैठक में आईजी ने पर्यवेक्षण अधिकारियों एवं प्रभारी अधिकारियों को कुशल पर्यवेक्षण कर एवं प्रबंधन क्षमता विकसित कर अपराध एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशील व्यवहार करने, परिवार परामर्श केंद्र में शिकायतों के सार्थक एवं शीघ्र निराकरण के लिए तकनीकी संसाधनों जैसे वीडियो कांफ्रेंसिंग आदि का उपयोग कर अन्य राज्यों या दूरस्थ स्थानों में निवासरत पक्षों को शामिल कर परामर्श कराए जाने के भी निर्देश दिए।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट • कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) • स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating | PHILIPS Authorized dealer | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया
अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

KS GROUP PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# स्वीप नोडल प्रोफेसर और कैंपस एंबेसडर को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वीप कार्ययोजना पर जिले के महाविद्यालयों में नियुक्त नोडल अधिकारी प्रोफेसर एवं कैम्पस एम्बेसडर की सह कार्यशाला जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यशाला में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के कार्य में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने तथा अन्य विद्यार्थियों को प्रेरित करने की अपील की तथा उन्हे शपथ भी दिलायी। ज्ञात हो कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के संदर्भ में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। इसके अंतर्गत जिले के सभी मतदान केन्द्रों में दावा आपत्ति का कार्य 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर 2024 तक किया जा रहा है। इस संबंध में महाविद्यालयों में प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश लेने वाले 18 वर्ष के नये मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के लिए महाविद्यालय में नियुक्त स्वीप नोडल प्रोफेसर एवं कैम्पस एम्बेसडर को कार्यशाला के माध्यम से जानकारी दी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में सक्रिय एवं विशेष योग्यता रखने वाले विद्यार्थियों को ही कैम्पस एम्बेसडर नियुक्त किया गया है। वे नोडल अधिकारी के साथ मिलकर निर्वाचन की इस कार्य में सक्रिय भूमिका निभाते हुये अन्य छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की उपलब्ध सुविधा एवं प्रक्रिया की जानकारी दें तथा 18 वर्ष के शतप्रतिशत नये छात्र-छात्राओं को फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें। उत्कृष्ट कार्य करने वाले नोडल अधिकारी एवं कैम्पस एम्बेसडर को पुरस्कृत भी किया जायेगा।

## जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में आयोजित की गई कार्यशाला



■ स्वीप नोडल प्रोफेसर एवं कैम्पस एम्बेसडर की बैठक सह कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न

### फार्म भरने की दी गई जानकारी

कार्यशाला में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने कार्ययोजना तैयार कर महाविद्यालय में सभी नये मतदाताओं से वोटर हेल्पलाईन एप के माध्यम से फार्म-6 भराने के लिए निर्देशित किया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार झा ने आयोग के स्वीप कार्यक्रम निर्वाचन साक्षरता क्लब एवं फार्म-6, 7 एवं 8 के संबंध में सविस्तार बताया। निर्वाचन पर्यवेक्षक संतोष कुमार नामदेव ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में तथा लवकुश चंद्राकर ने वोटर हेल्पलाईन एप के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी उमेश लहरी, नायब तहसीलदार सहित नोडल प्रोफसर एवं कैम्पस एम्बेसडर छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा सरकार किसानों के घर आज से करेगी खुशियों की बारिश : जैन

**डौंडी।** भाजपा नेता प्रदेश मीडिया प्रभारी स्वाधीन जैन ने कहा है कि जिले सहित छत्तीसगढ़ में इस वर्ष धान का विपुल उत्पादन देखा जा रहा है। इससे किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है। साथ ही भाजपा सरकार द्वारा एक मुश्त 3100 रुपए भुगतान किए जाने की घोषणा ने किसानों की खुशी दोगुनी कर दी है। उन्होंने कहा कि ऐन धान खरीदी सीजन में समिति कर्मचारियों की हड़ताल खत्म होने से भी खुशी की लहर है। भाजपा नेता स्वाधीन जैन ने कहा कि केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन सरकार किसानों की सदैव हितैषी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों के खाते में दो-दो हजार करके सालाना 6000 रुपये प्रदान करने से किसान पहले ही खुश हैं। वहीं, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार 14 नवंबर से 3100 रुपये क्विंटल के हिसाब से धान खरीदी करने जा रही है। यह राशि भी बहुत जल्द मिलेगी और किसान पुराना कर्ज छूट सकेंगे, कर्ज नहीं है तो कोई बड़ा कृषि यंत्र ट्रैक्टर ट्राली रिपर हार्वेस्टर आदि खरीद सकेंगे।

### एनकाउंटर के बाद बीएसपी ने जीजा का कब्जा हटाया

**भिलाई।** बदमाश अमित जोश के एनकाउंटर के बाद बीएसपी ने उसके जीजा पर एक्शन लेते हुए कब्जा को खाली कराया है। अमित के जीता द्वारा लंबे समय से बीएसपी के मकान को कब्जा कर रखा था। अभियान चलाकर खाली कराया गया। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 5 सड़क 13 स्थित आवास पर कार्रवाई की गई। टीम ने अमित जोश के ठिकानों को ध्वस्त किया था। उसके जीजा के मकान पर बीएसपी ने कार्रवाई किया था लेकिन उसने दोबारा मकान पर कब्जा करने की सूचना मिली और खाली कराया गया। मकान का बिजली कनेक्शन तक काट दिया गया है। मकान के दरवाजे पर टीम ने नोटिस चस्पा कराया गया। जब बीएसपी की टीम खाली कराने पहुंची तो दरवाजे पर ताला लटका हुआ था। टीम ने कार्यपालक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नोटिस चस्पा किया है। चेतावनी भी दी गई है कि तय समय में मकान को खाली करे अन्यथा बल पूर्वक मकान को खाली कराया जाएगा।

## पर्व

# नगर सहित गांव-गांव में हुई गौरा-गौरी की पूजा

### कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक साहू, की पूजा-अर्चना





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एकादशी, देवउठनी की रात नगर सहित विधानसभा के अलग-अलग गांवों में परंपरानुसार गौरी-गौरा विवाह का पर्व मनाया गया। इस मौके पर मिट्टी के बने गौरी-गौरा, जिन्हें शिव-पार्वती का प्रतीक माना जाता है को स्थापित कर उनकी पूजा-अर्चना की गई। लोक गीतों और नृत्य के बीच उनका विवाह कराया गया।

बुधवार को गौरी-गौरा का विसर्जन किया गया। शोभायात्रा भी निकाली गई। 13 नम्बर को सुबह विधायक दीपेश साहू बेमेतरा के विभिन्न वार्ड 14, वार्ड 15, गौरव पथ रोड, नवापारा गौड़ धर्मशाला, वार्ड 18 कलिका कालिका मंदिर, बाजार पारा, शिविल लाइन पारा वार्ड, मोहभट्टा वार्ड, मानपुर वार्ड नम्बर 2, सुन्दर नगर सहित विभिन्न स्थानों में पहुंचकर गौरा गौरी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगलवार को लगभग 10 से 12 गौरी गौरा पूजन आयोजनों में भी विधायक शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने कहा कि गौरा गौरी पूजन की यह परंपरा प्राचीन छत्तीसगढ़ से जुड़ी हुई है, जहां मिट्टी से भगवान शिव और पार्वती की मूर्तियां बनाकर उनकी बारात निकाली जाती है। इस बारात में रातभर भक्त नाचते गाते हैं। मूलतः यह परंपरा आदिवासी समाज द्वारा शुरू की गई थी, लेकिन अब सभी समुदाय और जाति के लोग इसमें भाग लेते हैं।

विधायक साहू ने समस्त क्षेत्रवासी और नगर वासियों को एकादशी पर्व, गौरा गौरी विवाह की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए समस्त जनता जनार्दन की मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकास तम्बोली, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, युगल देवांगन, रेवा राम निषाद, गौरव साहू, ओमकार साहू, निखील साहू, देवराम साहू पार्षद, प्रवीण नीलू राजपूत पार्षद, दीनानाथ साहू, लक्ष्मीनारायण यादव, पिंटू साहू सहित भाजपा कार्यकर्त्ता नगरवासी उपस्थित थे।

### गौरा-गौरी पूजन कर विसर्जन किया गया



**थान खम्हरिया।** वार्ड क्रमांक 3 में गौरा गोरी की स्थापना की गई। पश्चात पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। स्थापना में सभी मोहल्लेवासी शामिल हुए। श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की गई। इस दौरान महिलाएं, बच्चे अपनी धुन मस्ती में झूमते हुए निकले। गौरा-गौरी उत्सव का अलग ही महत्व है। प्रत्येक वर्ष दीपावली लक्ष्मी पूजा के बाद अंचल में मनाया जाता है। विशेष तौर पर भगवान शिव पार्वती की पूजा अर्चना और उनके विवाह के रस्में निभाई जाती है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में धूमधाम से बाराती बनकर माता पर्वती शिव के विवाह उत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर पार्षद विजय शर्मा, गंगा राम साहू, कुमार सिन्हा, विशाल यादव, प्रकाश यादव, जीवन गंधर्व शामिल थे।

# नगर में निकाली खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा



**बेमेतरा/थान खम्हरिया।** कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर मंगलवार को श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया। आशीष बंसल के निज निवास में खाटू श्याम का दरबार सजाया गया। सभी श्याम भक्तों ने दर्शन का लाभ लिया। पश्चात निशान यात्रा नगर के मुख्य मार्ग जयस्तंभ चौक, भारत माता चौक में आतिशबाजी, पूजा अर्चना की गई। पश्चात गणेश ट्रेडर्स, शुभम मोटर्स में श्रद्धालुओं के लिए शरबत पेयजल की व्यवस्था की गई थी। पश्चात प्रभात किराना, ब्राह्मण पारा होते हुए, सभी श्याम प्रेमी हाथों में निशान लेकर श्याम भजन पर थीरकते हुए, अपने मुख्य स्थान पर पहुंची। पश्चात पूजा, आरती, धोख दिया गया। प्रसाद, ध्वज सभी को वितरण किया गया। सुबह से निकाली गई, यात्रा का लोगों ने जगह-जगह स्वागत अभिवादन किया। यात्रा के दौरान श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम का भजन गाते हुए, जयकारे लगे। श्रद्धालु ने अपने-अपने निशान अर्पित कर, बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। इस मौके पर आचार्य पं. ओमप्रकाश जोशी ने बताया। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को छोटी दीपावली भी माना जाता है। इस दिन देवउठनी एकादशी के मौके पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है। जिसे लेकर मंदिर देवालय व घरों में तुलसी और शालिग्राम के विवाह आयोजित किया जाता है। आगे आपने बताया, खाटू श्याम को कलयुग का श्री कृष्णा माना जाता है। खाटू श्याम को हारे का सहारा कहा जाता है। हिंदू धर्म के अनुसार खाटू श्याम मंदिर का बहुत महत्व है। यहां जो भी श्रद्धा भक्ति के साथ जो भी भक्त जाता है। उसकी मन्नतें पूरी होती है। इस मौके पर रूद्रेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल, ओम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, रौनक मुरारका, शिव बिंदल, दीपक बंसल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, गौतम केडिया, ईश्वर बंसल, सुभाष सिंघानिया, अतुल सिंघानिया, मनोज मुरारका, भीखू बिंदल, प्रतीक सिंघानिया, तिलक बंसल, यश अग्रवाल, वीरेन्द्र जोशी, सैकड़ो की संख्या में पुरुष महिलाएं उपस्थित थीं।

■ बाबा श्याम का भजन गाते हुए श्रद्धालुओं ने लगाये जयकारे

# प्रकाश पर्व पर निकाली गई भव्य नगर कीर्तन यात्रा, लोगों ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत





**नवागढ़।** गुरु नानक देव के 555 वें प्रकाश पर्व को मनाने के लिए सिख समाज में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को नवागढ़ नगर गुरुद्वारे से भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकली। गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी के आगे पंच प्यारे चल रहे थे। सेवादार पूरे मार्ग में सड़क पर झाड़ू लगाते हुए और पानी का छिड़काव करते हुए चल रहे थे। यात्रा के मार्ग को तोरण द्वार एवं झंडों से जगह-जगह सजाया गया। यात्रा बस स्टैंड, शंकर नगर, मुख्य चौक, गौरव पथ के रास्ते पुनः गुरुद्वारे में समाप्त हुई। कीर्तन करती हुई चल रही संगत पर जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई।

फूल की महक से चारों तरफ वातावरण सुगंधित हो उठा। पीछे महिलाएं भजन कीर्तन करते चल रही थीं। पुरुषों की टोली भी कीर्तन में धन्य गुरु गोविन्द सिंह साहब, वाहे गुरु वाहे गुरु करते हुए जुलूस का नेतृत्व कर रहे थे। जुलूस में रुक-रुक कर आतिशबाजी का प्रदर्शन जमकर हुआ। बड़ा चौराहा पर लगे साउंड से बज रहे भक्ति गीत पूरे चौराहे को भक्ति के माहौल में डूबोए हुए था।

**गतका दल ने दिखाए हैरतंगेज करतब:** मुख्य चौक पर पंजाब से आये गतका दल ने हथियारों से हैरतंगेज करतब दिखाकर लोगों को चकित कर दिया। दल ने आग के साथ भी अद्भुत करामात दिखाए। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ करतब देखने को इकठ्ठा हो गई। रैली में क्षेत्र से आयी रामधुनी एवं जसगीत की टोलियां भी शोभा बढ़ाने शामिल हुई।

### पंच प्यारों का किया स्वागत

गुरुद्वारे से जुलूस उठकर शंकर नगर पहुंचते ही स्वागतों का दौर शुरू हो गया। पंच प्यारों का नवागढ़ नगर प्रमुख विकास धर दीवान सहित वरिष्ठजनों ने पंच प्यारो का माल्यार्पण कर स्वागत किया। ततपश्चात गुरु ग्रंथसाहब पर मत्था टेक आशीर्वाद लिया। समाज के सभी वर्गों के लोगों ने जुलूस में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्वागतकर्ताओं में मण्डल अध्यक्ष चंद्रपाल साहू, देवादास चतुर्वेदी, मधु रॉय, गिरेन्द्र महिलांग, मिंटू बिसेन, सुधेश हरि श्रीवास्तव, अभिषेक पाठक, सुरेश निषाद, श्रीकांत सिंह ठाकुर, धनीराम निर्मलकर, दानिराम जायसवाल, मोहन चेलक, राजा सोनकर, राकेश यादव, जित्ते रजक, कृष्णा ध्रुव सहित नगरवासी उपस्थित रहे। वहीं यात्रा में सिख समाज से कुलदीप सिंह, गुरबचन सिंह, जगदीश सिंह, मोहन सिंह, त्रिलोक सिंह, संतोष सिंह, गुरमीत सिंह, हरभजन सिंह, बाग्गी टुटेजा, राजा खुराना, विम्पी गांधी, बलविंदर सिंह, अजय अरोरा, राजेंद्र टुटेजा, राहुल खुराना, त्रिलोक खुराना, हरप्रीत खुराना, हरपाल खुराना, किशोर खुराना, बोविन्दर सिंह, नवनीत सिंह, सहित सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों की अपेक्षित दक्षता का मूल्यांकन करने होगा परख सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ परख सर्वे के सफलता पूर्वक क्रियान्वयन के संबंध में डाइट प्राचार्य ने ली बैठक

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद तथा भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में बेमेतरा जिले सहित देश के सभी राज्यों में आगामी 4 दिसंबर 2024 को परख सर्वे का बृहद स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस सर्वे के सफलता पूर्वक क्रियान्वयन के लिए बुधवार जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान डाइट में प्राचार्य जे के घृतलहरे की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे, डीएमसी नरेंद्र वर्मा, जवाहर नवोदय विद्यालय से अजीत प्रताप सिंह, समग्र शिक्षा से प्रवीण सोनकर, जिले के दोनों नोडल अधिकारी थलज कुमार साहू, राजकुमार वर्मा सहित चारों विकासखंड के बीईओ और बीआरसी उपस्थित थे।

परख सर्वे 2024 के संबंध में जानकारी देते हुए डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने बताया कि इस सर्वे के लिए बेमेतरा जिले के कुल 92 स्कूलों का चयन किया गया है। इस सर्वे के लिए कक्षा 3, 6 और 9 का चयन किया गया है। कक्षा तीसरी के लिए 31 स्कूलों का, कक्षा छठवीं के लिए 28 स्कूलों का, तथा कक्षा नवमी के लिए 33 स्कूलों का चयन किया गया है। सर्वे में तीन तरह के स्कूलों को शामिल किया गया है जिसमें राज्य शासन के शासकीय विद्यालय, निजी विद्यालय और केंद्रीय केंद्र सरकार के जवाहर नवोदय विद्यालय को शामिल किया गया है सर्वे कार्य करने लिये डाइट के छात्र अध्यापकों चयन कर लिया गया है। सर्वे के उद्देश्यों के बारे में बताते हुए डाइट प्राचार्य ने कहा कि इस सर्वे का मुख्य उद्देश्य अपेक्षित दक्षता का मूल्यांकन करना है इसके लिए हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों के विद्यालयों का चयन किया गया है। सर्वे का कार्य 4 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ होगा। कक्षा तीसरी और छठवीं के लिए यह परीक्षा 90 मिनट की होगी।

जबकि कक्षा नवमी के लिए परीक्षा की अवधि 120 मिनट होगी। जिन विद्यालयों में एक से अधिक सेक्शन है वहां सेक्शन सेंपलिंग की आवश्यकता होगी तथा जिन विद्यालयों में एक ही सेक्शन है वहां पर सेक्शन सेंपलिंग की आवश्यकता नहीं होगी। इसी तरह से जिन विद्यालयों में उस कक्षा में 30 से अधिक विद्यार्थी दर्ज हैं वहां पर छात्र सेंपलिंग की भी आवश्यकता होगी और जहां पर कक्षा में 30 विद्यार्थी से कम हैं, वहां पूरे बच्चों की परीक्षा होगी।

### प्रत्येक विद्यालय के लिए की गई एक-एक ऑब्जर्वर की नियुक्ति

श्री धृतलहरे ने बताया कि प्रत्येक विद्यालयों के लिए एक-एक ऑब्जर्वर की नियुक्ति की जा रही है। परीक्षा के दिन विद्यालय में कोई अन्य गतिविधि का संचालन नहीं होगा तथा उस दिन विद्यालय के समस्त स्टाफ व बच्चों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। उस दिन डाइट प्राचार्य की टीम, जिला शिक्षा अधिकारी की टीम और विकासखंड शिक्षा अधिकारी की टीम विद्यालयों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करेंगे। आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में चारों विकास खंड से विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी निलेश चंद्रवंशी साजा, अरुण खरे बेमेतरा, जय प्रकाश करमाकर बेरला, बीआरसी में जगजीवन राम साहू नवागढ़, बी डी बघेल साजा, राजेंद्र साहू बेमेतरा उपस्थित थे। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा डॉ कमल कपूर बंजारे ने कहा इस कार्य में सभी की भूमिका सुनिश्चित की गई है। तथा इस सर्वे को सभी को पूरी तरह से गंभीरता से लेते हुए कार्य करना है।

### कवि सम्मेलन 16 को

**भिलाई।** छंद के छ परिवार का दीवाली मिलन समारोह अनवरत 2017 से लगातार हो रहा है। इस कार्यक्रम में छग राज्य से सभी जिले के साहित्यकार अपनी उपस्थिति देकर छत्तीसगढ़ी महतारी भाखा को सजोर बनाने और मान बढ़ाने की दिशा में काम करते हैं। छत्तीसगढ़ अंचल के साहित्यकार, छंदकार इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कवि सम्मेलन का आयोजन करते हैं।







